# तेज अंधड़ से भारी नुकसान व बिजली के पोल गिरे, रातभर अंधेरे में रहा बीकानेर

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर में देर रात तेज अंधड़ के बाद गुल हुई बिजली रात तीन बजे सुचारू हुई तो कहीं सुबह पांच बजे तक भी लाइट शुरू नहीं हो सकी। शहर और गांव में जगह-जगह बिजली के पोल गिर गए।

कहीं विज्ञापन हॉर्डिंग्स बिजली के तारों पर आ गिरे। एक-एक फॉल्ट को चैक करने के बाद बिजली विभाग ने सप्लाई फिर से शुरू की। उधर लूणकरनसर में भारी नुकसान के बाद स्थानीय लोग प्रशासनिक अधिकारियों को फोन करते रहे लेकिन किसी ने बात नहीं की। लूणकरनसर कस्बे कई गांवों में तेज आंधी से भारी तबाही होने की सूचना मिल रही है। उपखंड प्रशासन के अधिकारी बेपरवाह नजर आए। लूणकरनसर कस्बे में आंधी से पशु चिकित्सालय से जलदाय विभाग तक बिजली की हाईटेंशन लाइन टूटकर जमीन को छू रही थी। जिसकी सूचना के लिए ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को फोन किया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया।

उपखंड कार्यालय से जुड़े अधिकारियों को भी फोन किए गए लेकिन हालात वहां भी जस के तस मिले। आपदा नियंत्रण कक्ष का तो फोन ही खराब था। लोग फोन कर रहे थे लेकिन दूसरी तरफ कोई उठाने वाला नहीं था। सुबह होते-होते इन हाईटेंशन लाइनों के पास ही आग लग गई। घास और कचरे में लगी आग भयावह हो सकती थी। लेकिन लोगों ने अपने स्तर पर पानी डालकर इस आग को बुझाया।

बीकानेर में शनिवार रात को आये तेज अंधड के कारण जिले में कई स्थानों पर बिजली के पोल गिर गए।

- लूणकरनसर कस्बे के कई गांवों में तेज आंधी से भारी तबाही होने के समाचार हैं
- आंधी से पशु चिकित्सालय से जलदाय विभाग तक बिजली की हाईटेंशन लाइन टूटकर जमीन को छू रही थी जिससे घास-फूस में आग लग गई, ग्रामीणों ने आग बुझाई

**नोखा में पेड़-बिजली के खंभे गिरे :** नोखा में तूफान ने तबाही मचा दी। मौसम विभाग ने देर रात आधा दर्जन जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया था। तूफान की शुरूआत रात साढ़े 11 बजे नोखा से हुई। मिनटों में ही चारों तरफ धूल का गुबार छा गया। अंधेरा इतना था कि कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। शहर के अधिकांश हिस्सों में यह स्थिति पूरी रात बनी रही।

नोखा में तेज आंधी से कई पेड़ जड़ से उखड़ गए। विज्ञापन होर्डिंग्स सड़कों पर गिर पड़े। बिजली के तारों पर पेड़ों की टहनियां गिरने से ट्रिपिंग हुई। हालांकि देर रात तक किसी के घायल होने की खबर नहीं मिली। पांचू और जसरासर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी तूफान का असर देखा गया। पेड़ और बिजली के खंभे गिरने से गांवों में आवाजाही प्रभावित हुई। कई दुकानों और घरों के छप्पर और टीनशेड उड़ गए। दिन में तेज गर्मी के बाद रात को मौसम में बदलाव आया लेकिन बिजली न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

**वाहन की टक्कर से गार्डर गिरा :** नोखा शहर में एक रेल अंडरब्रिज पर सुरक्षा गार्डर गिरने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हुई। घटना तब हुई जब एक वाहन नेशनल हाईवे की तरफ जा रहा था। कम ऊंचाई वाले अंडरब्रिज से गुजरते समय वाहन का पिछला हिस्सा लोहे के गार्डर से टकरा गया।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुरक्षा के लिए लगाया गया गार्डर नीचे गिर गया। उस समय वाहन के पीछे कोई दूसरा वाहन नहीं था, जिससे कोई बड़ी दुर्घटना नहीं हुई।

गार्डर गिरने से यातायात बाधित हो गया। प्रशासन ने वाहनों को वनवे से निकालने की व्यवस्था की। इससे लम्बे समय तक वाहनों की रफ्तार धीमी रही। रेलवे विभाग की ओर से इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई। रिपोर्ट लिखे जाने तक गार्डर की मरम्मत नहीं की गई थी।

## मानव वध का प्रयास करने वालों को 3 साल की सजा

**बीकानेर,**(कासं)। सेशन न्यायाधीश अतुल कुमार सक्सेना ने 10 साल पहले किलचू रोड पर एक शख्स पर लाठी-सरियों से आपराधिक मानव वध का प्रयास करने वाले 8 आरोपियों को दोषी मानते हुए प्रत्येक को 3 साल का कारावास और 5000 रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

अस्पताल में भर्ती परिवादी जगदीश सहारण ने 23 जुलाई, 2015 को नापासर थाना पुलिस को अपने पर्चा बयान में बताया था कि 23 जुलाई की शाम को वह गाड़ी में सवार होकर बीकानेर से गाढ़वाला जा रहा था। रात को 10.30 बजे किलचू रोड पर वीर तेजाजी धर्मकांटा पहुंचा तो सड़क पर एक पिकअप गाड़ी खड़ी थी। गाड़ी के बाहर चार-पांच लोग और खड़े थे और इतने ही अंदर थे।

आरोपी छेलूसिंह ने गाड़ी रोकने का इशारा किया। जगदीश ने गाड़ी रोकी तो छेलूसिंह और शिवदान सिंह ने शराब के लिए रूपए मांगे। मना करने पर उसका गला पकड़कर नीचे उतार लिया और आरोपियों ने लाठी-सरियों से हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावरों ने उसकी जेब से 15000 रूपए निकाल लिए। शोर सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी फरार हो गए। कोर्ट ने सुनवाई के बाद छैलूसिंह, शिवदान सिंह, किसनसिंह, अशोक सिंह, मूलसिंह, ओंकार सिंह, छोटूसिंह, करणीसिंह को दोषी माना।

## सार-समाचार

### मॉडिफाइड साइलेंसरों पर बुलडोजर

पुलिस ने मॉडिफाइड साइलेंसरों पर बुलडोजर चलाकर नष्ट किया।

**बीकानेर,** (कासं)। शहर में मॉडिफाइड, प्रेशर हॉर्न को लेकर यातायात पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बाइक सवारों के खिलाफ सख्त अभियान चलाया है। एसपी कावेन्द्र सिंह सागर के निर्देशन और एएसपी सौरभ तिवाड़ी के सुपरविजन में टीआई नरेश निर्वाण के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। इस अभियान के तहत बुलेट मोटरसाइकिल चालकों द्वारा साइलेंसर को मॉडिफाई कर तेज आवाज़ पैदा करने और वाहनों में प्रेशर हॉर्न लगाने के मामलों पर कठोर कदम उठाया गया। पुलिस ने अब तक कुल 140 मॉडिफाइड साइलेंसर और 50 प्रेशर हॉर्न जब्त किए हैं। पुलिस ने इन साइलेंसर्स और प्रेशर हॉर्न पर बुलडोजर चलाकर सार्वजनिक रूप से नष्ट भी किया ताकि इस तरह की हरकतों से लोगों को सख्त संदेश दिया जा सके। वर्ष 2025 में अब तक की यह सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। पुलिस की इस सख्ती से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों में हड़कम्प मच गया है। यातायात विभाग ने साफ किया है कि आगे भी ऐसे अभियानों को लगातार जारी रखा जायेगा।

### कथा में नानी बाई का मायरा भरा

बीकानेर में ब्रह्म बगीचा प्रन्यास ने कथा में भरा नानी बाई का मायरा भरा।

**बीकानेर,** (कासं)। ब्रह्म बगीचा स्थित मुक्तिनाथ महादेव मंदिर में चल रहे नानी बाई रो मायरो में पंडित भैरू महाराज के मुखारबिंद से तीन दिवसीय नानी बाई रो मायरो कथा के तीसरे और समापन अवसर पर नरसी मेहता मायरा लेकर नानी बाई के गांव में प्रवेश कर चुके थे। नानी बाई के ससुराल पहुंचने से पहले ठाकुरजी से आग्रह किया हम तो कुछ जानत नहीं आप जानो रघुनाथ। नानी बाई बहुत दुखी थी, बेटी ने पत्र लिखा। नरसी ने ठाकुर जी के आगे अर्जी रखी परंतु उनको जब गांव में ही रोक लिया गया। उसके बाद उन्होंने ठाकुरजी ने आज के कथा में ब्रह्म बगीचा प्रन्यास की ओर से नानी बाई को पवरी ओढ़ाकर बृजगोपाल जोशी, राजेश चूरा, हीरालाल हर्ष ने वास्तविक मायरा भरकर कथा में चार चांद लगाए। पंडित भैरू महाराज ने नानी बाई रो मायरो प्रसंग सुनाते हुए बताया कि ठाकुरजी नानी बाई के 56 करोड़ का मायरा लेकर नरसी की अरदास सुनी। आज की कथा में विशेष रूप से सुभाष जोशी, अनिल जोशी, गिरिराज जोशी, नारायण दास रंगा, शिवशंकर शर्मा, मंगलचंद रंगा, समाजशास्त्री आशा जोशी, श्यामा हर्ष सहित मौजूद थे।

### शिविर में 1456 लोगों की जांच

शिविर शताक्षी सेवा संस्थान के संस्थापक महंत डॉ. करणी प्रताप महाराज के मार्गदर्शन में नेत्र चिकित्सा शिविर संपन्न हुआ।

**बीकानेर,** (कासं)। पुष्करणा समाज भवन में रविवार को आयोजित निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 1456 व्यक्तियों की नेत्र जांच की गई। यह सेवा शिविर शताक्षी सेवा संस्थान के संस्थापक महंत डॉ. करणी प्रताप जी महाराज के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य समाज के वंचित, बुजुर्ग, महिलाएं और छात्र वर्ग को नेत्र स्वास्थ्य की सुविधाएं सुलभ कराना रहा। इस मौके पर पुष्करणा समाज की कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिनमें नथमल पुरोहित, पुजारी बाबा, बीकानेर पश्चिम से विधायक जेठानंद व्यास, राजेश चूरा, मोटू लाल हर्ष, जेठाराम पुरोहित और भंवर पुरोहित शामिल रहे। साथ ही उपस्थित पूज्य विमर्शानंद महाराज ने इस सेवा कार्य की सराहना की। शिविर में डॉ. वीरेश, डॉ. हेमंत और डॉ. राजकुमार सेठिया द्वारा नेत्र जांच की गई। जांच के साथ-साथ जरूरतमंदों को मुफ्त दवाईयां भी वितरित की गई। आयोजकों ने बताया कि 1 जून को शिविर में चिन्हित 1128 से अधिक लाभार्थियों को निःशुल्क चश्मे प्रदान किए जायेंगे। इस सेवा अभियान का नेतृत्व कर रहे महंत डॉ. करणी प्रताप दृष्टि जहां, सृष्टि वहां संकल्प के साथ 'एक लाख दृष्टि मिशन' चला रहे हैं। जिसका लक्ष्य देशभर के एक लाख जरूरतमंदों को मुफ्त नेत्र परीक्षण और चश्में उपलब्ध कराना है।

# कलेक्टर ने हीट एक्शन प्लान को लेकर आवंटित किये कार्य

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिला कलेक्टर डॉ. मंजू ने गृह मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार वर्ष 2025 के लिए हीट एक्शन प्लान चिकित्सा विभाग के साथ-साथ अन्य विभागों से समन्वय के लिये आवंटित कार्यों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

- जीवन रक्षक औषधियां ओआरएस व आईवी फ्लूड की व्यवस्था करना, लू-तापघात से पीड़ित रोगियों के लिये अलग वार्ड में रखने की व्यवस्था करना सुनिश्चित करना है

हीट एक्शन प्लान के अनुसार आवंटित कार्यों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लू-तापघात के बारे में आमुखीकरण करना, जिले में आयोजित किये गये खण्ड स्तर की बैठकों में एएनएम, जीएनएम एवं सीएचओ, आशाओं को अपने क्षेत्र से लू-तापघात के बारे में सेंसीटाइज करना, 108, 104 एम्बुलेंस जीवन रक्षक औषधियां ओआरएस व आईवी फ्लूड की व्यवस्था करना, आरआरटी व मोबाइल चिकित्सा बलों की व्यवस्था, लू-तापघात से पीड़ित रोगियों के लिये अलग वार्ड में रखने की व्यवस्था, चिकित्सा संस्थानों में पर्याप्त बैड आरक्षित करना, पानी की व्यवस्था, आपातकालीन किट की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे। लू-तापघात वाले मरीजों व उनके अटेंडेंट हेतु शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, वार्ड में कूलर व पंखे की व्यवस्था, विभिन्न माध्यमों से आमजन को जागरूक करना, नरेगा में कार्य करने वाले लोगों का स्वास्थ्य जांच करने, उन्हें दवाईयां व ओआरएस का पैकेट दिया जाना, पीने के पानी की शुद्धता की जांच तथा अग्नि सुरक्षा हेतु एनओसी प्रमाण पत्र के संबंध में जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों, राजकीय व निजी को आदेश जारी करने का कार्य किया जायेगा।

इसी प्रकार श्रम एवं रोजगार विभाग द्वारा लू-तापघात के लिये शिविर लगाकर जानकारी देना, मजदूरों का समय निर्धारण, कार्य स्थल पर ठण्डे पानी की व्यवस्था, प्राईवेट सेक्टर के मजदूरों का भी समय निर्धारण के निर्देश देने का कार्य किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बच्चों के लिये शीतल पेयजल की व्यवस्था व आंगनबाड़ी का समय निर्धारण करना होगा।

पशुपालन विभाग द्वारा पशुओं की सुरक्षा, दवाईयां, पशुओं के पीने का पानी व छाया की व्यवस्था, ग्रामीण स्तर के स्टाफ को सतर्क करने, पशुपालकों को जागृत करने, ग्रामीण व शहरी गौशालाओं में पशुओं के बचाव की जानकारी देना, आयुर्वेद विभाग चिकित्सा विभाग के साथ समन्वय कर लू के बचाव हेतु आयुर्वेदिक हर्बल जूस की व्यवस्था करना शामिल है।

## तूड़ी से भरी ट्रॉली पलटी

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जंक्शन में सदर पुलिस थाना के पास स्थित ग्रेफ चौराहे पर तूड़ी से भरी ओवरलोड ट्रॉली पलट गई। गनीमत यह रही कि ट्रॉली पास से ही गुजर रही हाई वोल्टेज तार से टच नहीं हुई। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। सड़क किनारे ट्रॉली पलटने से यातायात भी बाधित हुआ।

हैरानी की बात यह है कि ट्रैक्टर-ट्रॉली एक कृषि यंत्र है। लेकिन इसका व्यावसायिक तौर पर उपयोग किया जा रहा है जो कि नियम विरूद्ध है। परिवहन विभाग के दफ्तर के पास ही इस तरह की ओवरलोड ट्रैक्टर-ट्रॉलियां प्रतिदिन हादसों को न्यौता दे रही हैं। विभाग की ओर से इस गंभीर समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

ओवरलोड ट्रॉली का संचालन न केवल सड़क सुरक्षा के लिए खतरे का कारण है, बल्कि यह नियमित रूप से हादसों को जन्म दे रहा है। इसके बावजूद विभाग की तरफ से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। यही कारण है कि लोग हादसों के शिकार हो रहे हैं और इस लापरवाही के कारण जनता परेशान है।

# बी.टी.यू. का तृतीय दीक्षांत समारोह 2 जून को

**बीकानेर,** (कासं)। बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय बीकानेर अपना तृतीय दीक्षांत समारोह 02 जून को ई ब्लॉक ऑडिटोरियम विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित किया जायेगा।

बीटीयू के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बतया कि दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ किसनराव बागडे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री व उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा एवं केन्द्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल उपस्थित रहेंगे। साथ ही विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी दीक्षान्त समारोह का व्याख्यान करेंगे।

दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन के लिए कुलगुरू प्रो. अखिल रंजन गर्ग एवं कुलसचिव रचना भाटिया के निर्देशन में 20 आयोजन समिति और उनके संयोजक नियुक्त किए गए हैं। विश्वविद्यालय द्वारा दीक्षांत समारोह के सफल आयोजन लिए आयोजन समिति द्वारा विशेष तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

कुलगुरू प्रो. अखिल रंजन गर्ग ने कहा कि तृतीय दीक्षांत समारोह के दौरान बैचलर ऑफ टैक्नोलॉजी बीटेक की 3014 बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर बीआर्क की बैचलर ऑफ डिजाइन बी डिजाइन की 8 डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की पीएचडी की मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन एमबीए की 735 मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन एमसीए की मास्टर ऑफ टैक्नोलॉजी एमटेक की 90 सहित कुल 4080 डिग्रियों एवं 27 स्वर्ण पदकों का राज्यपाल द्वारा विद्यार्थियों को वितरण किया जायेगा।

कुलगुरू गर्ग ने इस संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित कर तृतीय दीक्षांत समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं। वहीं दीक्षांत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के सभी सम्बद्ध महाविद्यालय स्तर पर दीक्षांत समारोह आयोजित कर संबंधित विद्यार्थी की उपाधियों का वितरण करेंगे।

# ट्रस्ट पदाधिकारियों पर गबन का मामला दर्ज

**नोखा,** (कासं)। नोखा थाने में श्रीमती धन्नी देवी सेठिया धार्मिक भवन ट्रस्ट के वर्तमान अध्यक्ष सुंदरलाल बोथरा ने पूर्व पदाधिकारियों के खिलाफ अमानत में खयानत का मुकदमा दर्ज कराया है।

मामले में चार पूर्व पदाधिकारी - बीकानेर के चेतनप्रकाश सेठिया, नोखा महावीर चौक के ईश्वरचंद बैद, लाहोटी चौक के दुलीचंद चोरडिया और मरोठी चौक के राजेश डागा शामिल हैं। ये सभी 12 अप्रैल 2025 तक ट्रस्ट में पदाधिकारी थे। शिकायत के अनुसार इन पदाधिकारियों ने 2010 में मुंबई की बोथरा मेटल्स एंड एलॉयज प्राइवेट लिमिटेड से प्राप्त 10 लाख रूपए में से केवल 4.40 लाख रूपए ही दान खाते में जमा किए। शेष 5.60 लाख रूपए होलायती खाते से नकद निकाल लिए गए। इसके अलावा 2020 में रेणु सिंघल एसोसिएट्स के नाम से 4 लाख रूपए और नकद दान के 2 लाख रूपए का भी गबन किया गया। ट्रस्ट की जांच में सामने आया कि अमित कुमार बैद को भी समय-समय पर निजी उपयोग के लिए राशि दी गई। 13 अप्रैल 2025 को ट्रस्ट निधि में 6.50 लाख रूपए का बैलेंस दिखाया गया लेकिन बार-बार मांग करने के बावजूद न तो यह राशि लौटाई गई और न ही इससे संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत किए गए। सुंदरलाल बोथरा के अनुसार कुल मिलाकर पूर्व पदाधिकारियों ने 19.73 लाख रूपए का गबन और 17 लाख रूपए का दुरुपयोग कर ट्रस्ट को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है।

## प्लाईवुड दुकान के ताले तोड़ की चोरी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जवाहर नगर थाना क्षेत्र स्थित लक्कड़ मंडी में चोरों ने प्लाई बोर्ड की दुकान का ताला तोड़कर 35 हजार रूपए चुरा लिए। शुक्रवार को जवाहर नगर थाना में केस दर्ज किया गया।

परिवादी राजेश कुमार निवासी न्यू जसवंत कॉलोनी ने बताया कि उसकी राजेश प्लाइवुड सेंटर के नाम से लक्कड़ मंडी में 11 नंबर दुकान है। 20 मई की रात को दुकान बंद कर घर गया था। अगले दिन सुबह लौटा तो देखा कि दुकान के ताले टूटे हुए थे। गल्ले में रखे 35 हजार रूपए भी गायब मिले। राजेश कुमार ने चोरी की घटना को लेकर थाना में परिवाद दिया। पुलिस ने शुक्रवार को संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू की है।

# पानी की कमी के कारण बीच में बंद करनी पड़ी नहरें

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। बीकानेर कैनाल को आरडी 45 पर 2,580 क्यूसेक पानी दिया जा रहा है। यह पानी खखां हैड पर पहुंचते-पहुंचते 1927 क्यूसेक ही रह रहा है। इस कारण गंगनहर सिस्टम की 22 में से 15 नहरें बंद पड़ी हैं। कम पानी के कारण तीन नहरें तो नंबर में होने के बावजूद बंद करनी पड़ी हैं।

- गंगनहर सिस्टम की 22 में से 15 नहरें बंद पड़ी हैं

बता दें कि 21 मई से ही बीकानेर कैनाल में आरडी 45 से हिस्सा 2,500 क्यूसेक तय हुआ है। यह स्थिति 24 मई को सुबह 6 बजे, 9 बजे और शाम के 6 बजे की गेजों की है। पानी की आरडी 45 और खखां हैड पर पूरे दिन की स्थिरता से अनुमान है कि मात्रा में बढ़ोतरी नहीं होगी।

जितना पानी राजस्थान बॉर्डर पर पहुंच रहा है, उससे 98 क्यूसेक से एमके, 60 क्यूसेक से एमएल, 503 क्यूसेक से शिवपुर हैड से एफ, 201 क्यूसेक से नेतेवाला हैड से जीजी, 277 क्यूसेक से कालूवाला हैड से एलएनपी,160 क्यूसेक से सुलेमान की हैड से पीएस और 198 क्यूसेक से बीबी नहर को चलाया जा रहा है। ईईए नहर का 24 मई का सुबह 9 बजे सप्ताह पूरा हो गया। हालांकि इसे बैलेंस पानी दिया जा रहा है।

उपलब्ध पानी की स्थिति के कारण समेजा, जैड, वाई, करणीजी, फार्म माइनर, बाइफरकेशन और जे, रिडमलसर माइनर, नाहरांवाली माइनर, हिरणांवाली माइनर, एचएच नहर, एच नहर, डी भागसर-साधुवाली माइनर, एमएलए, एम. के. और आर. बी. नहर बंद हैं। इनमें से आर. बी. 22 मई को सुबह 9 बजे, के.के. नहर 22 को दोपहर 12 बजे, एमएलए दोपहर 12 बजे नंबर में आने पर पानी छोड़ा गया था। ये तीनों नहरें 29 मई को अपना सप्ताह पूरा करने वाली थीं। लेकिन पानी की कमी के कारण बीच में बंद करनी पड़ी हैं। इससे किसानों को सिंचाई पानी का नुकसान हो रहा है।

# पर्यावरण संरक्षण के लिये हम आने वाली पीढ़ियों पर निर्भर न रहें : दीक्षित

**बीकानेर,** (कासं)। महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर के पर्यावरण विज्ञान विभाग द्वारा 25 मई को इन्टरनेशनल कांफ्रेंस ऑन इमर्जिंग चेलेंजेज इन सस्टेनेबल डवलपमेंट एण्ड एन्वायरमेंटल कंजर्वेशन तीन दिवसीय संगोष्ठी का उद्घाटन कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने किया।

आचार्य दीक्षित ने बताया कि वर्तमान परिदृश्य में सतत् विकास की अवधारणा एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये हम आने वाली पीढ़ियों पर निर्भर न रहें। क्योंकि जो कुछ हम भोग रहे हैं वह सब पीढ़ियों से उधार लिया हुआ है। समपोषणीय विकास तभी संभव है जब हम अपने आस-पास के परिवेश के स्थानीय संसाधनों का उपभोग वर्तमान आवश्यकताओं के साथ भविष्य की चिंता को ध्यान में रखते हुए न्यायोचित तरीके से उपभोग किया जावें। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें अर्थव्यवस्था व पर्यावरण में एक सामंजस्य स्थापित करना पड़ेगा, अन्यथा तमाम जरूरी संसाधन एक समय की बात हो जायेंगे।

पर्यावरण संरक्षण पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को कुलगुरू आचार्य मनोज दीक्षित ने संबोधित किया।

- पर्यावरण संरक्षण पर तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के चेयरपर्सन प्रो. अनिल कुमार छंगाणी, विभागाध्यक्ष, पर्यावरण विज्ञान विभाग ने तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा में बताया कि संगोष्ठी में 1850 से अधिक रजिस्ट्रेशन 20 देशों के प्रतिभागियां द्वारा किये गये जो कि इस अवधारणा के प्रति सकारात्मक सोच का विषय है। संगोष्ठी के विशिष्ठ अतिथि के रूप में अयोध्या प्रसाद गौड़ ने बताया कि केयर्न एनर्जी द्वारा बाड़मेर क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण हेतु सामाजिक एवं गैर सरकारी संगठनों के साथ काफी काम किया जा रहा है, जिसमें महिला कार्मिकों की भागीदारी सराहनीय है। गंगासिंह विश्वविद्यालय से करार करके विशेष प्रकार के पाठ्यक्रम चलाये जायेंगे जिनसे संभाग के विद्यार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सके।

# घड़सीसर के सूने एरिया में मिली मानव खोपड़ी

**बीकानेर,** (कासं)। यहां घड़सीसर क्षेत्र में एक मानव खोपड़ी मिलने के बाद सनसनी फैल गई। पुलिस ने खोपड़ी के आसपास ही कुछ मांस के टुकड़े भी बरामद किए हैं। अब एफएसएल टीम की जांच के बाद ही पता चलेगा कि ये खोपड़ी किसकी है।

घड़सीसर के एक सूने परिसर में पत्थर के कुछ टुकड़ों पर ये खोपड़ी रखी हुई थी। मानव खोपड़ी देखकर लोगों ने गंगाशहर पुलिस को फोन किया। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया। टीम ने खोपड़ी और मौके पर मिले मांस के कुछ टुकड़ों को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की है।

अंदेशा जताया जा रहा है कि यह खोपड़ी थाना क्षेत्र के किसी युवक की हो सकती है। डीएनए जांच और अन्य फोरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पायेगा कि ये खोपड़ी किसकी है। अगर ये खोपड़ी इसी क्षेत्र के किसी व्यक्ति की है तो शरीर के शेष हिस्से और हड्डियां किसकी है। ये भी पता लगाया जा रहा है। पुलिस के अनुसार मामला गंभीर है और हर पहलू से जांच की जा रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि यह दुर्घटना, आत्महत्या या हत्या का मामला है। फिलहाल शव के अन्य हिस्सों की तलाश भी की जा रही है। ये भी आशंका है कि किसी ने तांत्रिक क्रिया के लिए इस तरह की खोपड़ी लाकर रखी है।

घड़सीसर के एक सूने परिसर में पत्थर के कुछ टुकड़ों पर मानव खोपड़ी रखी हुई मिली।